1-Vice President M. Venkaiah Naidu inaugurated the World Universities Summit 2021 (WUS 21) organised by O.P. Jindal Global University on "Universities of the Future: Building Institutional Resilience, Social Responsibility and Community Impact".

उपराष्ट्रपति एम. वेंकैया नायडू ने ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी द्वारा 'भविष्य के विश्वविद्यालय : संस्थागत लचीलापन का निर्माण, सामाजिक उत्तरदायित्व और सामुदायिक प्रभाव का निर्माण' विषय पर आयोजित विश्व विश्वविद्यालय शिखर सम्मेलन 2021 (डब्ल्यूयूएस 21) का उद्घाटन किया।

2-Government has said that over 30 crore loans amounting to 15 lakh 97 thousand crore rupees have been sanctioned under Pradhan Mantri Mudra Yojana since inception of the Scheme in April, 2015. Under the scheme, institutional credit up to 10 lakh rupees is provided for entrepreneurial activities to micro and small business units.

सरकार ने कहा है कि प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के अंतर्गत अब तक 15 लाख 97 हजार करोड़ रुपये की राशि के 30 करोड़ से अधिक ऋण स्वीकृत किए गए हैं। अप्रैल 2015 में आरंभ हुई इस योजना के अंतर्गत सूक्ष्म और लघु व्यवसाय के लिए 10 लाख रुपये तक का संस्थागत ऋण दिया जाता है।

3-The Civil Aviation Ministry under Union Minister Jyotiraditya Scindia has formed three advisory groups to look into challenges being faced by the sector.

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के तहत नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने इस क्षेत्र के सामने आने वाली चुनौतियों को देखने के लिए तीन सलाहकार समूहों का गठन किया है।

4-In Madhya Pradesh, Gwalior and Orchha cities have been selected by UNESCO under 'Historic Urban Landscape Project', which was started in the year 2011, for the inclusive and well-planned development of fast-growing historical cities while preserving the culture and heritage.

यूनेस्को ने मध्य प्रदेश के ग्वालियर और ओरछा शहरों को ऐतिहासिक शहरी भू-परिदृश्य परियोजना के लिए चुना है, यह परियोजना वर्ष 2011 में शुरू की गई थी, जिसके अंतर्गत ऐतिहासिक शहरों की संस्कृति और धरोहर को संरक्षित रखते हुए उनका समग्र और योजनाबद्ध विकास किया जाता है।

5-In order to digitally connect the Panchayats and strengthen the mode of public service delivery in Jammu and Kashmir, Lieutenant Governor Manoj Sinha inaugurated 44 Digital Village Centres at Civil Secretariat in Srinagar.

केन्द्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में कल श्रीनगर में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने **44** डिजिटल ग्राम केन्द्रों का उद्घाटन किया, प्रदेश में पंचायतें डिजिटल माध्यम से जुड़ सकेंगी और लोक सेवाएं बेहतर होंगी।

6-Defence Minister and Lucknow MP Rajnath Singh unveiled the statue of former Madhya Pradesh Governor and senior BJP leader Lalji Tandon in Hazratganj on his first death anniversary.

रक्षा मंत्री और लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह ने हजरतगंज में मध्य प्रदेश के पूर्व राज्यपाल और भाजपा के वरिष्ठ नेता लालजी टंडन की पहली पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा का अनावरण किया।

7-The Australian city of Brisbane won the right to host the 2032 Summer Olympics in a vote at the 138th session of the International Olympic Committee (IOC).

ऑस्ट्रेलिया के शहर ब्रिस्बेन ने अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के **138**वें सीजन के दौरान **2032** ग्रीष्मकालीन ओलंपिक की मेजबानी करने का अधिकार प्राप्त किया है।

8-Pakistan President Arif Alvi has signed two important bills including the one which ensures women's property rights and protects them from harassment, coercion, force or fraud.

पाकिस्तान के राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने दो महत्वपूर्ण विधेयकों पर हस्ताक्षर किए हैं, जिनमें से एक विधेयक महिलाओं के संपत्ति अधिकारों को सुनिश्चित करता है और उन्हें उत्पीड़न, जबरदस्ती, बल या धोखाधड़ी से बचाता है।

9-In Haiti, Ariel Henry has been sworn in as the new prime minister, around two weeks after the country's President Jovenel Moïse was assassinated.

हैती में एरियल हैनरी को नए प्रधानमंत्री के रूप मे शपथ दिलायी गयी है, करीब दो सप्ताह पहले देश के राष्ट्रपति जोवेनल मोसे की हत्या कर दी गयी थी।

10-Renowned theatre director, satirist and eminent columnist Urmil Kumar Thapliyal passed away. He was 78.

प्रसिद्ध रंगमंच निर्देशक, व्यंग्यकार और प्रख्यात स्तंभकार उर्मिल कुमार थपलियाल का निधन हो गया। वह **78** वर्ष के थे।